Amar Ujala 14.9.25

एसडी कॉलेज के विद्यार्थियों को दी कॅरिअर विकल्पों की जानकारी

एसडी कॉलेज में काउंसलिंग एंड मेंटरिंग इंटरएक्टिव सेशन में शामिल विद्यार्थी। संस्थान

चंडीगढ़। सेक्टर-32 के गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज के जूलॉजी विभाग की ओर से पीएम-उषा योजना के अंतर्गत काउंसलिंग एवं मेंटरिंग इंटरएक्टिव सेशन आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को विभिन्न कॅरिअर विकल्पों के बारे में मार्गदर्शन दिया गया और उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया गया।

इस मौके पर कॉलेज के पूर्व छात्र रहे हरियाणा स्टेट पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड की डॉ. सोनिका, डॉ. लवलीन, डॉ. उज्मा नूर शाह, डॉ. अंतरप्रीत चहल, नवदीप कौर, नितिन कुमार और इशिता सहगल ने मेंटर के रूप में विद्यार्थियों को विभिन्न कॅरिअर विकल्पों की जानकारी दी। संवाद

Divya Himachal 14-9-25

एसडी कालेज में मेंटरिंग इंटरएक्टिव सेशन

चंडीगढ़। सेक्टर-32 स्थित गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कालेज सेक्टर-32 के जूलॉजी विभाग की ओर से शनिवार को पीएम उषा योजना के अंतर्गत 5वां काउंसिलिंग एवं मेंटरिंग इंटरएक्टिव सेशन आयोजित किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को विभिन्न करियर विकल्पों के बारे में मार्गदर्शन देना और उनकी जिज्ञासाओं का समाधान करना था। संस्थान स्तर पर आयोजित ऐसे सत्र विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हैं और विशेषज्ञ अपने अनुभव साझा कर उन्हें उपयोगी मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। कालेज के पूर्व छात्रों डा. सोनिका साइंटिस्ट बीए हरियाणा स्टेट पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड, डा. लवलीन सीनियर साइंटिफिक ऑफिसर, फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी, हरियाणा, डा. उज़्मा नूर शाह असिस्टेंट प्रोफेसर, जैन यूनिवर्सिटी बेंगलुरु, डा. अंतरप्रीत चहल असिस्टेंट प्रोफेसर, पैसिफिक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज़, उदयपुर, नवदीप कौर अध्यापिका, मोहाली नितिन कुमार पीएचडी शोधार्थी ने करियर विकल्पों की जानकारी दी। मेंटर्स ने विद्यार्थियों को प्रेरित किया और ग्रेजुएशन के बाद उपलब्ध विविध करियर विकल्पों की जानकारी दी। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपने प्रश्न पूछे और उपयोगी मार्गदर्शन प्राप्त किया।

एसडी कॉलेज के जूलॉजी विभाग ने किया पांचवें काउंसलिंग एवं मेंटरिंग सेशन का आयोजन

चंडीगढ़, स्टेट समाचार

सेक्टर-32 स्थित गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज, सेक्टर-32 के जूलॉजी विभाग की ओर से शनिवार को पीएम-उषा योजना के अंतर्गत 5वां काउंसलिंग एवं मेंटरिंग इंटरएक्टिव सेशन आयोजित किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को विभिन्न करियर विकल्पों के बारे में मार्गदर्शन देना और उनकी जिज्ञासाओं का समाधान करना था। संस्थान स्तर पर आयोजित ऐसे सत्र विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हैं और विशेषज्ञ अपने अनुभव साझा कर उन्हें उपयोगी मार्गदर्शन प्रदान करते हैं।

कॉलेज के पूर्व छात्रों डॉ. सोनिका (साइंटिस्ट-बी, हरियाणा स्टेट पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड), डॉ. लवलीन (सीनियर साइंटिफिक ऑफिसर, फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी, हरियाणा), डॉ. उज़्मा नूर शाह (असिस्टेंट प्रोफेसर, जैन यूनिवर्सिटी, बेंगलुरु), डॉ. अंतरप्रीत चहल (असिस्टेंट प्रोफेसर, पैसिफिक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज़, उदयपुर), नवदीप कौर (अध्यापिका, मोहाली), नितिन कुमार (पीएच.डी. शोधार्थी, सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ पंजाब, बठिंडा) और इशिता सहगल (एम.एससी. टॉपर, पंजाब यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़) ने मेंटर के रूप में विद्यार्थियों को विभिन्न करियर विकल्पों की जानकारी दी और अपने अनुभव साझा किए। मेंटर्स ने विद्यार्थियों को प्रेरित किया और ग्रेजुएशन के बाद उपलब्ध विविध करियर विकल्पों की जानकारी दी। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपने प्रश्न पूछे और उपयोगी मार्गदर्शन प्राप्त किया। विभागाध्यक्ष डॉ. इंदु मेहता ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. अजय शर्मा ने विभाग के प्रयासों की सराहना की और भविष्य में विद्यार्थियों के लिए ऐसे और कार्यक्रम आयोजित करने के लिए प्रोत्साहित किया।